261

भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA

भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण /FISHERY SURVEY OF INDIA

न्यू फिशिंग हार्बर, ससुन गोदी, कुलाबा/NEW FISHING HARBOUR, SASSOON DOCK, COLABA

मुम्बई /MUMBAI-400 005

F.N./पत्र सं.:- 22-2/2013 हिन्दी                Date/ दिनांकः 11 .08.2017

सेवा में,

निदेशक (राजभाषा)
भारत सरकार,
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय,
पशुपालन, डेयरी एवं मात्स्यिकी विभाग,
कृषि भवन, कमरा नं- 557, नई दिल्ली-110 001.

विषयः राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 03.08.2017 को भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त ।

महोदय,

मैं, इस कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 03.08.2017 को हुई तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज रहा हूँ ।

भवदीय

श्रीमती
11.8

(एम.के.श्रीमती)
वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी

प्रतिलिपिः

उप महानिदेशक, राजभाषा कार्यान्वयन कार्यालय, केन्दीय सदन, छठी मंजिल, सी-विंग 601, सेक्टर 10, सी.बी.डी. बेलापूर, नवी मुम्बई ।

महानिदेशक के आशुलिपिक ग्रेड-। / स्थापना-।, ।।, ।।। /जी.सी. अनुभाग/मात्स्यिकी अनुभाग-।/ योजना एंव विकास अनुभाग/ लेखा अनुभाग/ कम्प्यूटर अनुभाग/ सांख्यिकी अनुभाग

11/8/2017

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण के मुख्यालय में 03.08.2017 को संपन्न तिमाही समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त.

**निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री एम. के. फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) | - | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. एम. विनोदकुमार, व. मात्स्यिकी वैज्ञानक | - | सदस्य |
| 3. | श्री पी. चलपति राव, सांख्यिकीविद् | - | सदस्य |
| 4. | श्रीमती एम के श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी | - | सदस्य |
| 5. | श्री सी. एच. भास्कर, प्रोग्रामर | - | सदस्य |
| 6. | श्री बापू एम राऊत, प्रोग्रामर एवं डीडीओ | - | सदस्य |
| 7. | श्री ए वी के जोगी राजू, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 8. | श्री गोपाल वा. थुले, कार्यालय अधीक्षक | - | सदस्य |
| 9. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक | - | सदस्य/संयोजक |

श्री महेश कुमार फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष की अध्यक्षता में तिमाही बैठक दोपहर 3.30 बजे प्रारंभ हुई । उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया । अध्यक्ष महोदय ने 30.06.2017 को समाप्त तिमाही की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा निम्नानुसार की ।

## दिनांक 30.06.2017 को समाप्त तिमाही की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा

उक्त अवधि की सभी अनुभागों की तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करने पर यह पाया गया कि सभी अनुभागों से धारा 3 (3) के अंतर्गत सभी कागज़ात व्दिभाषी में जारी किए गए । हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में ही दिए गए । हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत पिछले प्रतिशत की तुलना में 'क' क्षेत्र में 10%, 'ख' क्षेत्र में 15%, और 'ग' क्षेत्र में 13% बढ़ा है । 'ग' क्षेत्र में निर्धारित लक्ष्य 55%प्राप्त कर चुका है । तीनों क्षेत्र में हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ने पर अध्यक्ष महोदय ने संतोष प्रकट किया । सभी अनुभागों की समीक्षा क्षेत्रवार करने पर 'क' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत योजना एवं विकास अनुभाग का 28% है और लेखा अनुभाग का 45% है । जबकि 'क' क्षेत्र का निर्धारित लक्ष्य 90% है । 'ख' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत योजना एवं विकास अनुभाग का 18% है और स्थापना -।।।-का 46% है जबकि 'ख' क्षेत्र का निर्धारित लक्ष्य 90% है । 'ग' क्षेत्र में सब से कम प्रतिशत योजना एवं विकास अनुभाग का 23% है, जबकि 'ग' क्षेत्र के लिए निर्धारित लक्ष्य 55% है । अध्यक्ष महोदय ने उक्त अनुभागों को हिन्दी पत्राचार का प्रतिशत बढ़ाने को कहा और तिमाही रिपोर्ट में सही आंकडे भरने हेतु निर्देश दिए । टिप्पणी लेखन में हमारा प्रतिशत 58% है । पिछली तिमाही की तुलना में इस तिमाही में 7% बढोत्तरी हुई है। अनुभागवार टिप्पणी लेखन की समीक्षा करने पर टिप्पणी लेखन में सब से कम प्रतिशत 39% कम्प्यूटर अनुभाग का है ।

## पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कारवाई ।

1. **डिस्प्ले बोर्ड को अद्यतन करने हेतु कार्रवाई की जाए ।**

अध्यक्ष महोदय ने स्थानीय पार्टी से नया रोलिंग डिस्प्ले बोर्ड खरीदने पर विचार करने को कहा गया था । इस पर कार्रवाई लंबित है । अध्यक्ष महोदय ने दिल्ली की पार्टी से नेनो बोर्ड की कीमत माँगते हुए पार्टी को पत्र लिखने का सुझाव दिया है । इसके अतिरिक्त, स्थानीय पार्टी से भी डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड की खरीद हेतु इसका पता लगाने के लिए श्री भास्कर, प्रोग्रामर से कहा ।

**(कार्रवाईः हिन्दी कक्ष एवं कम्यूटर कक्ष)**

2. **वेबसाइट हिन्दी में भी अपडेट किया जाए ।**

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी अनुभागों से अपने अनुभाग के कार्य से संबंधित सूचना मँगाकर वेबसाइट में अपलोड करें और इसे व्दिभाषी रुप में भी अपडेट करें। अध्यक्ष महोदय ने हिन्दी कार्यशाला, तिमाही बैठक, हिन्दी दिवस एवं हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन संबंधी रिपोर्ट फोटो के साथ वेबसाइट में व्दिभाषी रुप में अपलोड करने का सुझाव दिए ।

**(कार्रवाईः कम्प्यूटर कक्ष एवं सभी अनुभाग)**

3. **मत्स्य किरण- अंक- 7 के प्रकाशनार्थ सामग्री मंगाई जाए ।**

इस संबंध में एक अनुस्मारक जारी कर दिया गया है । सामग्री अभी तक प्राप्त नहीं हुई । अध्यक्ष महोदय ने सभी अनुभागों से अपने कार्य से संबंधित सामग्री तैयार करके मत्स्य किरण-अंक-7 में शामिल करने के लिए कहा । उदाहरण के तौर पर निम्नलिखित विषय पर लेख तैयार करने हेतु सुझाव दिया (1) भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण में योजना एवं विकास अनुभाग की भूमिका (2) स्वच्छता पखवाड़ा एवं योगा डे से संबंधित रिपोर्ट (3) मत्स्य से संबंधित कोई सूचना/मछली से बने हुए व्यंजन/उत्पादन

**(कार्रवाईः सभी अनुभाग)**

258

4. **कार्यालय के सभी नामपट्ट, सूचनापट्ट आदि द्विभाषी बनाया जाए ।**
इस संबंध में कार्रवाई जारी है ।

**'हिन्दी दिवस' एवं 'हिन्दी पखवाडा' समारोह का आयोजन**

1. भारतीय मात्स्यिकी सर्वेक्षण, मुख्यालय में हिन्दी दिवस/हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन 14.09.2017 से 28.09.2017 तक आयोजित किया जाए । बैठक में हिन्दी पखवाड़ा के दौरान पाँच प्रतियोगिताएं (1) हिन्दी निबंध (2) तत्काल भाषण (3) कविता पाठ (4) अंताक्षरी (5) हिन्दी शब्दावली एवं अनुवाद आयोजित करने का निर्णय लिया है । हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन हेतु दो बैनर बनाया जाए।

**(कार्रवाईः हिन्दी कक्ष)**

श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक सायं 5.00 बजे संपन्न हुई ।

# दिनांक 03.08.2017 की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में उपस्थित अध्यक्ष एवं सदस्यों की सूची

*******

| क्र. सं. | नाम | हस्ताक्षर |
|---|---|---|
| 1. | श्री एम. के. फरेजिया, महानिदेशक (प्रभारी) | [signature] |
| 2. | श्री रम्ननमूर्ति, तंत्र विश्लेषक | — |
| 3. | डॉ. एम विनोदकुमार, व. मात्स्यिकी वैज्ञानिक | [signature] |
| 4. | श्री पी. चलपति राव, सांख्यिकीविद् | पी चलपति राव |
| 5. | डॉ. अंशुमान दास, मात्स्यिकी वैज्ञानिक | — |
| 6. | श्रीमती एम के श्रीमती, व. प्रशासनिक अधिकारी | श्रीमती |
| 7. | श्री सी. एच. भास्कर, प्रोग्रामर | [signature] |
| 8. | श्री बापू एम राऊत, प्रोग्रामर एवं डी.डी.ओ | [signature] 3/08/2018 |
| 9. | श्री ए वी के जोगी राजू, कार्यालय अधीक्षक | [signature] 3. 8. 17. |
| 10. | श्री गोपाल वा. थुले, कार्यालय अधीक्षक | [signature] 3 |
| 11. | श्रीमती मीरा वेल्लेन राजीव, क. अनुवादक | मीरा वेल्लेन राजीव 3/3/17 |